अनदेखी | नागरिकों का आरोप नगरपालिका और प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

खुले नाले बने मौत का जाल, सालों से गिर रहे गाय-बैल

नवभारत,दमोह। शहर में खुले और गहरे नाले गाय-बैलों के लिए काल बनते जा रहे हैं। सफाई के नाम पर खानापूर्ति तो हो जाती है,लेकिन नालों को ढंकने और सुरक्षित करने की दिशा में वर्षों से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शहर के किल्लाई नाका, अथर्व क्लिनिक, केंद्रीय विद्यालय के सामने, सुभाष कॉलोनी, बिलबारी मोहल्ला सहित कई इलाकों में बड़े-बड़े खुले नाले बने हैं। इनमें आए दिन गाय, बैल और कभी-कभी आमजन भी गिर जाते हैं। नाले इतने गहरे हैं कि गिरने के बाद जानवर खुद से निकल नहीं पाते और कई घंटों तक तड़पते रहते हैं।

ताजा मामला बिलबारी मोहल्ले का

सोमवार-मंगलवार को बिलबारी मोहल्ले के एक बड़े नाले में एक बैल फंस गया। काफी देर तक प्रयास के बाद भी उसे निकाला नहीं जा सका। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति को बुलाया। समिति के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद बैल को बाहर निकाला।

गौ सेवक संभाल रहे मोर्चा

पिछले कई वर्षों से ऐसे हादसों में वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति ही आगे आकर गाय-बैलों को रेस्क्यू करने का काम कर रही है। समिति के अनुसार महीने में कई बार उन्हें इस तरह के कॉल मिलते हैं। तब तत्काल ही वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक नेमा, सत्यम चौरसिया के अलावा उनकी टीम पहुंचती है इसके बाद गाय,बैल को निकाला जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न तो नगरपालिका और न ही प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस समस्या पर ध्यान दे रहे हैं। नालों को ढंकने, बैरिकेडिंग करने या चेतावनी बोर्ड लगाने जैसी कोई व्यवस्था नहीं है।शहरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द खुले नालों को ढंकवाए और जगह-जगह सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि मूक प्राणियों के साथ-साथ आमजन की जान भी बच सके।

विगत कई वर्षों से शिकायत करते आ रहे है

यह गंभीर लापरवाही है, विगत कई वर्षों से शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन इस पर नगर पालिका का किसी भी तरह से ध्यान नहीं है कोई बड़ी घटना हो जाएगी तब नगर पालिका और प्रशासन आएगा।

-दीपक नेमा अध्यक्ष
वैष्णवी निस्वार्थ सेवा समिति दमोह

पीआईसी की बैठक में रखेंगे

जब इस संबंध में सीएमओ से चर्चा की। तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा बताया गया विषय गंभीर है। यह मामले को पीआईसी बैठक में रखेंगे। स्वीकृत मिलेगी तो काम करेंगे और जो अभी शहर में बड़े-बड़े नए नाले के निर्माण हो रहे हैं उनको ढांका जा रहा है।

-राजेंद्र सिंह लोधी
मुख्य नगरपालिका अधिकारी दमोह

जल निकासी की समस्या से वार्डवासी परेशान

जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश

नवभारत कुम्हारी । ग्राम पंचायत कुम्हारी के चौबे मोहल्ले में बरसात के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मोहल्ले में सीसी सड़क का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन नाली का निर्माण नहीं कराया गया, जिसके कारण बारिश का पानी सड़कों और घरों के आसपास जमा हो जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार सरपंच और सचिव को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इससे लोगों में पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।स्थानीय निवासी कान्ति चौबे, अजय चौबे, उषा चौबे, सविता चौबे सहित अन्य वार्डवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में पानी की निकासी नहीं होने से आवागमन प्रभावित होता है और गंदा पानी जमा रहने से बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराकर स्थायी समाधान की मांग की है।

इनका कहना

वार्ड वासियों को जल निकासी की समस्या है जिसके लिए विकल्प रूप में नाली की सफाई की जाएगी और कार्य योजना बनाकर सीसी का निर्माण किया जाएगा ।

-राकेश पांडे
रोजगार सचिव ग्राम पंचायत कुम्हारी

एक नजर में

बुंदेली श्री सम्मान से सम्मानित हुईं डॉ प्रेमलता नीलम

नवभारत,दमोह। बुंदेलखण्ड विश्वकोश समिती सागर के तत्वावधान मे वरदान होटल के सभागार मे बुंदेलखण्ड के विविध विद्वानों का साहित्यक, सांस्कृतिक,सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र मे समर्पित जन के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। माता सरस्वती की पूजन,वन्दना का शुभारंभ हुआ, जिसके मुख्य अतिथि प्रो. यशवंत सिंह कुल गुरू डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर,अध्यक्ष विनोद मिश्र ;सुरमणि,दतिया विशिष्ठ अतिथि प्रो. सुबोध जैन के कर कमल से अंतरराष्ट्रीय कवयित्री,लेखिका हिन्दी, बुंदेली की 14 पुस्तकों की रचयिता डॉ प्रेमलता नीलम को बुंदेली श्री सम्मान से अलंकृत किया गया,मुख्य अतिथि ने कहा बुंदेलखण्ड विश्वकोश आप लोगों के अतुल्य योगदान को सदैव स्मरण करेगा।वक्ता प्रमिला सागर, नीलिमा पिप्लापुरे व सभी विद्वानों की उपस्थिति रही,संस्था अध्यक्ष डॉ.सरोज गुप्ता ने संचालन किया और सचिव सचिन चतुर्वेदी ने आभार माना।

सर्पदंश से 17 वर्षीय किशोरी की मौत, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत,दमोह। जिले में सर्पदंश का एक दुखद मामला सामने आया है। सर्प के काटने से 17 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है।जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अक्षेन्द्र नाथ ने बताया कि मृतिका की पहचान नेहा उर्फ रेवती पिता दिनेश गौंड उम्र 17 वर्ष निवासी बालकोट देहात थाना क्षेत्र के रूप में हुई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सर्पदंश से हुई मौत के कारणों और घटना के समय की परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।

भावभीनी विदाई, पीटीएस सागर हुए स्थानांतरित

नवभारत,दमोह। दमोह देहात थाना प्रभारी अमित गौतम का पीटीएस सागर स्थानांतरण होने पर जबलपुर नाका चौकी में विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस), एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया और सीएसपी एचआर पांडे के निर्देशन में संपन्न हुआ। नवागत थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय और चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल की उपस्थिति में स्टाफ ने अमित गौतम को भावभीनी विदाई दी। प्रधान आरक्षक सचिन, सुमन यादव, नंदलाल, आरक्षक गौरव, आशीष दांगी, निकिता, सैनिक साहबलाल, महबूब और आदर्श ने साल, श्रीफल, माल्यार्पण कर उपहार भेंट किए। पुलिस स्टाफ ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यकाल हमेशा याद रहेगा

दमोह देहात थाना प्रभारी अमित गौतम का स्थानांतरण पीटीएस सागर होने पर पुलिस स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर नवागत थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय,चौकी प्रभारी विक्रम दांगी, प्रियंका पटेल सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

साइबर सुरक्षा रथ पहुंचा, ग्रामीणों को किया जागरूक

नवभारत,दमोह। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत बटियागढ़ के अंबेडकर चौक पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साइबर सुरक्षा रथ के माध्यम से ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल फ्रॉड, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मध्य प्रदेश पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं एवं आपातकालीन सहायता नंबरों के बारे में भी लोगों को अवगत किया।

वर्षाकाल में झरनों और वॉटर बॉडी के पास जाने पर प्रतिबंध

नवभारत,दमोह। वर्षाकाल के दौरान झरनों एवं अन्य वॉटर बॉडी के आसपास होने वाली दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाओं को देखते हुए उपखंड मजिस्ट्रेट दमोह सौरभ गंधर्व ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत संपूर्ण दमोह अनुभाग में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार झरनों, वॉटर बॉडी तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के 50 मीटर दायरे में प्रवेश करना, पिकनिक मनाना, स्नान करना, वीडियो एवं फोटोग्राफी करना, वाहन पार्किंग एवं वाहन उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा उक्त क्षेत्रों में दुकान, रेहड़ी या खाद्य सामग्री की बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी।

एसडीएम गंधर्व ने जारी किया आदेश

एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया दमोह अनुभाग के सभी जलाशयों में बिना अनुमति संचालित नाव, नौकाओं एवं अन्य जल क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वर्षाकाल के दौरान समस्त झरनों एवं वॉटर बॉडी के समीप जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। उन्होने जनहानि एवं धनहानि की रोकथाम तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश एकपक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

नवभारत,हटा/दमोह। साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत दमोह पुलिस द्वारा स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में मगरोन थाना प्रभारी वंदना गौर पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय मगरोन पहुंचीं. उन्होंने वहां छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए.थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि सोशल मीडिया, फर्जी लिंक, ओटीपी और इनाम के लालच में आने वाली कॉल से कैसे बचा जाए।

जनसुनवाई व सीएम हेल्पलाइन समाधान दिवस : एक ही दिन में 45 शिकायतों का मौके पर निराकरण

नवभारत,पटेरा/दमोह। पटेरा तहसील में मंगलवार को आयोजित जन सुनवाई व सीएम हेल्पलाइन समाधान दिवस के दौरान प्रशासन ने शिकायतों के त्वरित निराकरण का एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा मौके पर ही उनका निराकरण करने का प्रयास किया गया.कार्यक्रम में पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार

मानसी अग्रवाल, नायब तहसीलदार द्वारका प्रसाद गुप्ता, तहसील के चारों मंडलों के राजस्व निरीक्षक, समस्त हल्का पटवारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.सभी अधिकारियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया.

शिकायत को गंभीरता से सुना

जनसुनवाई में करीब 70 नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे.इनमें राजस्व, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, भूमि अभिलेख, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं शामिल थीं.अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की शिकायत को गंभीरता से सुना और आवश्यक मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही निराकरण कराया. जिन प्रकरणों में समय की आवश्यकता थी, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.इस दौरान सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में देखने को मिली।

विकसित मध्य प्रदेश विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

नवभारत,दमोह। जन जागरण सहकारी सप्ताह 2026 के अंतर्गत बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ सागर के तत्वाधान में सहकार से समृद्धि,विकसित मध्य प्रदेश विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया.यह कार्यक्रम प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित,राजलवारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत पटेल सरपंच रहे।

जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही

अध्यक्षता दिनेश कुमार मांझी, जिला प्रबंधक दुग्ध शीत केंद्र दमोह ने की।वहीं परशुराम पटेल पूर्व सरपंच, द्वारका पटेल और भरत चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे' ने किया। उन्होंने दुग्ध सहकारी समितियों के गठन, उद्देश्य और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।दिनेश कुमार मांझी ने बताया कि दमोह जिले में वर्तमान में 103 दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जिनमें 2575 सदस्य जुड़े हुए हैं। इन समितियों से प्रतिदिन लगभग 11 हजार लीटर दूध का संकलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्ध संघ द्वारा समितियों के सदस्यों को शीघ्र ही बोनस का वितरण भी किया जाएगा।

जिपं सीईओ व एडीएम मीना मसराम ने सुनीं समस्याएं

समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये

नवभारत,दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे व अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सुना. इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 257

आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये. इस अवसर पर एसडीएम दमोह सौरव गंधार डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोक सेवा प्रबंधन चक्रेश पटेल के अलावा जिले भर के अधिकारी विशेष रूप से मौजूदरहे। साथ ही जनसुनवाई में ग्राम धनगौर में तेंदूखेड़ा से छाछ का वितरण भी कलेक्ट्रेट में किया गया।

तारादेही में दादी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास

नवभारत,दमोह.न्यायालय उदय सिंह मरावी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) आरोपी-मुकेश यादव पिता छोटेलाल उर्फ छुटई यादव 36 निवासी ग्राम बांसी,थाना-तारादेही को बी.एन.एस.की धारा 103(1) में आजीवन कारावास 500रुपए अर्थदंड, 109(1) बी.एन.एस. में 5 वर्ष का कठिन कारावास 500रु पए,धारा 3(2)(ट) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया.मामले में पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्या द्वारा की गई व सहायक तरुण सोनी द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया.इन्होनें बताया कि अभियोजन प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि 1 अप्रैल 2025 को थाना तारादेही में एक गंभीर घटना घटित हुई.अभियुक्त मुकेश यादव ने फरियादी की दादी के घर जाकर विवाद के दौरान तलवार और डंडे से हमला किया.

आरोपी मुकेश यादव को कोर्ट ने सुनाई कड़ी सजा

इस हमले में दादी गंभीर रूप से घायल हुईं और बाद में उनकी मृत्यु हो गई.सुबह लगभग 08:30 बजे मुकेश यादव अपने खेत पर काम कर रहा था.विवाद के दौरान उसने दादी के सिर पर तलवार से वार किया और अन्य पर डंडे से हमला किया. बीच बचाव के दौरान सुरेन्द्र वेन और पप्पू वेन को भी चोटें आईं. घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने अपराध क्रमांक 42/2025 में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 103(1), 109(1), 115(2), 118(1), 332(7), 296, 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं 3(1)(र), 3(1)(ध), 3(1)(व), 3(2)(अ), 3(2)(अ-) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया सम्पूर्ण कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया. न्यायालय में आई मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य व कथनों पर विश्वास करते हुए अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया.

विभाग में डॉक्टरों की कमी | अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों पर नशा करने का आरोप, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का शिकार होती रहेगी जनता

नवभारत कुम्हारी। कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र की हजारों की आबादी के लिए प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य सुविधा है, लेकिन वर्तमान में यह केंद्र स्वयं गंभीर समस्याओं से जूझता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और उन्हें मजबूरी में अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

गाता निवासी विनोद यादव का आरोप है कि इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने पर वहां तैनात कुछ कर्मचारी शराब के नशे में दिखाई दिए। उनका कहना है कि इससे पहले भी अस्पताल परिसर में शराबखोरी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष सर्पदंश की घटनाओं में 6-7 लोगों की मृत्यु हुई थी। उनका आरोप है कि इतनी गंभीर घटनाओं के बाद भी स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी डॉक्टरों और पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई।

उपचार की समुचित व्यवस्था करने की मांग

कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल नियमित एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, सर्पदंश सहित सभी आपातकालीन उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अस्पताल को आवश्यक दवाइयों, उपकरणों और पर्याप्त स्टाफ से सुसज्जित किया जाए।अब देखना होगा कि स्थानीय लोगों की इन शिकायतों और मांगों पर स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है।

तेज रफ्तार पिकअप ने 3 वर्षीय बालक को मारी टक्कर

हालत गंभीर , विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त

नवभारत,दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से एक 3वर्षीय बालक यश पिता बादल गौंड जमुनिया गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हथना के आगे सिद्ध बाबा के पास हुआ।जानकारी के अनुसार बालक सड़क क्रॉस कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क किनारे लगा विद्युत पोल भी गिर गया।हादसे के बाद तत्काल बिजली सप्लाई बंद कराई गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

इनका कहना है

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल और आरक्षक गौरव मौके पर पहुंचे और घायल बालक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।जिला अस्पताल में एएसआई अक्षेंद्रनाथ ने पहुंचकर घायल बालक से जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर रही है।